त्योहारों को लेकर बनायी सुरक्षा की रणनीति

झाँसी : आगामी त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जनपद भ्रमण पर आए अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन भानु भास्कर ने पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध की समीक्षा करते हुए त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निष्पक्ष तरीके से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि वाँछितों को गिरफ्तार किया जाए। महिलाओं और बच्चों से सम्बन्धित अपराधों को गम्भीरता से लेते तेज़ी से कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जन-सुनवाई को और बेहतर बनाए जाने कहा, ताकि जनता के बीच में एक सन्देश जाए। टॉप-10, माफिया पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इस

झाँसी : पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा करते एडीजी। » जागरण

दौरान पुलिस उप-महानिरीक्षक जोगेन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीणा, पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार, ललितपुर के प्रभारी पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नैपाल सिंह, (नगर) विवेक त्रिपाठी समेत सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।